(ङ) जैसे ही तकनीकी समिति पंचाट के कार्यान्वयन पर निर्णय ले लेगी, प्लाट, धारियों को मकान बनाने की इजाज़त दे दी जाएगी ।

**विवरण**

दिल्ली विकास प्राधिकरण की उप-समिति की रिपोर्ट पर लिए गए निर्णय के बारे में ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

(क) संशोधित ले आउट प्लान अनुमोदित करते समय दिल्ली नगर निगम द्वारा संशोधित ले आउट प्लान का अनुपालन निगम के दिनांक 29 सितम्बर, 1965 के संकल्प में निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जाना चाहिए ।

(ख) सामुदायिक सुविधाओं के लिए अपेक्षित 7.60 एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र शीघ्र अर्जित किया जाना चाहिए ।

(ग) सामुदायिक सुख-सुविधाओं की व्यवस्था करने की कमी को पूरा करने के लिए अर्जन हेतु प्रस्तावित 7.60 एकड़ भूमि के क्षेत्र में जिन कुछ प्लाटधारियों की भूमि आ जाएगी उनके हितों के लिए बृहत योजना व क्षेत्रीय योजना की आवश्यकताओं और लोकहित के व्यापक महत्व की अवहेलना नहीं की जा सकती, यद्यपि इससे उपर्युक्त प्लाटधारियों के हितों को हानि पहुंच सकती है ।

**भूमि विकास बैंकों सम्बन्धी माधवदास समिति**

4715. **श्री युवराज :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निवेश प्रयोजनों के लिए ऋण के लिए गारंटी के रूप में बन्धक के बजाय भूमि पर शुल्क लगाने के संबंध में भूमि विकास बैंकों संबंधी माधवदास समिति की सिफारिश क्रियान्वित की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से और किन राज्यों में सिफ़ारिशें क्रियान्वित की गई और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) :** (क) और (ख). भूमि विकास बैंकों द्वारा निवेश प्रयोजनों के लिए ऋण हेतु प्रतिभूति के रूप में भूमि को बन्धक के बजाय उस पर प्रभार लगाने के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त भूमि विकास बैंकों संबंधी माधवदास समिति की सिफारिश राज्य सरकारों को विचार तथा कार्यान्वयन के लिए भेज दी गई है । चूंकि इसमें राज्य के कानूनों में संशोधन शामिल हैं, इसलिए राज्य सरकारें सिफारिश की जांच कर रही हैं ।

**Appointments of Political Personalities in Jawaharlal Nehru University**

4716. SHRI SAMAR GUHA: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether a number of appointments have been given by Jawaharlal Nehru University to political personalities to deal with research projects, patently political in nature; and

(b) if so, facts thereabout?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) and (b). According to the information furnished by the Jawaharlal Nehru University, Shri P. C. Joshi was appointed as Editor of the collection acquired from him. Shri Joshi was appointed with effect from 1st December, 1970 on a consolidated salary of Rs. 1,400 per month and he continued until 13th December, 1976. No other appointments were made by the University to political personalities to deal with research projects patently political in nature.